खबर संक्षेप

## भुआबिछिया में दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश, खेतों में भर गया पानी



**भुआबिछिया।** मौसम लगातार बदल रहा है. कहीं झमाझम बारिश हो रही है। गुरुवार की शाम को भुआ बिछिया सहित कई गांवों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है. बारिश के कारण लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली है। वहीं आज दूसरे दिन शुक्रवार की शाम लगभग 2 घंटे तेज हवा, बादलों की तीव्र गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकी और तेज धूंआधार बारिश हुई। पश्चिमी विक्षोभ और क्षेत्र के ऊपर बने चक्रवाती हवा के दबाव के कारण कुछ दिनों से मौसम बारिश का बना हुआ हैं। आसपास के किसी न किसी गांव में हर दिन शाम को हल्की फुल्की बारिश हो रही है। जिससे नगर का 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुके तापमान में गिरावट जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी मध्यप्रदेश में मानसून की जल्द दस्तक साफ नजर आ रही है। शुक्रवार शाम को हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया और देर शाम को बारिश थमी लेकिन आसमान में घने बादल छाए हुए हैं।

### सम्पतिया जी ने किया आधुनिक उपकरणों से युक्त आईसीयू वार्ड का लोकार्पण

# अब मिलेगी गहन चिकित्सा सुविधा





*** जिला चिकित्सालय में उपलब्ध हुई सुविधा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला चिकित्सालय मण्डला में बनाए गए गहन चिकित्सा इकाई का मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किया गया। आधुनिक उपकरणों से युक्त इस आईसीयू वार्ड के माध्यम से महानगरों जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं भी अब जिला चिकित्सालय में उपलब्ध होगी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य संदीप सेन, भीष्म द्विवेदी, प्रफुल्ल मिश्रा एवं पार्षदगण, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, ईईपीआईयू जीपी पटले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरौते, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य केन्द्रों में आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय मंडला में गहन चिकित्सा इकाई तैयार की गई है जिसके माध्यम से जिलेवासियों को अच्छा उपचार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेडीकल कॉलेज तथा क्रिटीकल केयर यूनिट के कार्य पूर्ण होने पर जिलेवासियों को हर प्रकार का उपचार जिला मुख्यालय में ही संभव होगा।



पीएचई मंत्री ने आईसीयू वार्ड के निर्माण में जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय में डीएमएफ मद एवं रेडक्रॉस से वार्ड का रेनोवेशन तथा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। 10 बिस्तर वाले इस आईसीयू वार्ड में वेंटीलेटर, मल्टीपैरा मॉनिटरिंग सिस्टम सहित अन्य आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सक 24 घंटे उपलब्ध रहते हुए मरीजों को समुचित उपचार प्रदान करेंगे। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के प्रस्तावित कार्यों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल का वितरण भी किया गया।



## घर परिवार एवं नारायणगंज की बढ़ाई शान रामगोपाल यादव हुआ विकास खंड अधिकारी के रूप में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



एमपीपीएससी ने गुरुवार शाम राज्य सेवा परीक्षा 2021 की फाइनल सूची जारी कर दी है। अलग-अलग विभाग के चयनित अभ्यर्थियों के साथ ही अनुपूरक सूची भी तैयार की गई है। ओबीसी आरक्षण मामला लंबित होने के कारण केवल 87% अभ्यर्थियों का ही परिणाम जारी किया गया है। इस बीच मध्यप्रदेश एमपी के जिला मंडला नारायणगंज ब्लॉक से चयनित रामगोपाल यादव ने पत्रकारो से बात करते हुऐ अपने अनुभव साझा किए।

एमपीपीएससी की परीक्षा में विकासखंड अधिकारी चयन हुए रामगोपाल यादव के परिवार में खुशी का माहौल है पिता शिक्षक हैं, रामगोपाल ने इंदौर और घर में रहकर अपनी एमपीपीएससी की तैयारी की थी उन्होंने परिवार, मित्र और शिक्षकों को अपनी सफलता का श्रेय दिया है। रामगोपाल ने अपनी शुरुआती विद्यालयीन शिक्षा जवाहर नावोदय विधालय पदमी मंडला से पूर्ण की। ये शुरआत से ही मेधावी छात्र रहे है तत्पश्चात उन्होंने स्थानातक सिविल इंजीनिरिंग मे श्रीराम कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूट से पूर्ण किया ओर उसके बाद वाह निरंतर पीएससी की तैयारी मे लगे रहे ये इनका तीसरा प्रयास था।

उन्होंने बताया कि मेरे पिता जी ने मुझे किस बात की कमी नहीं होने दी वो शासकीय सेवक हैं और मुझे मेरे परिवार का भी खूब सपोर्ट मिलता रहा है आज जब MPPSC में चयनित हुआ हु तो पूरा परिवार बहुत खुश है जो लोग डर से बीच मे पढ़ाई छोड़ देते हैं और हार मान लेते हैं ऐसे छात्रों को हार नहीं माननी चाहिए. आपको निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए आगे चलकर सफलता आपको यक़ीनन मिलेगी।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) 2021 के रिजल्ट आने के बाद प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने सभी अभ्यर्थियों को बधाई दी. उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) 2021 की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को हृदय से बधाई। आपकी इस कामयाबी से मध्यप्रदेश के प्रति आपकी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है. मुझे पूरा विश्वास है कि आप समस्त चुनौतियों को पार कर मध्यप्रदेश को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मैं बाबा महाकाल से आप के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना करता हूं एवं शुभकामनाएं देता हूं."

## थाना बिछिया पुलिस द्वारा 03 नाबालिग बालिकाओं को केरल एवं महाराष्ट्र से दस्तयाब कर परिजनों को सौपा





**मण्डला।** मण्डला पुलिस द्वारा गुम इंसान एवं नाबालिग बालिका की तलाश करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी निवास आशिफ इकबाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिछिया के नेतृत्व में थाना बिछिया में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 152/2024 धारा 363 भादवि एवं 176/2024 धारा 363 के मामले में बालिकाओं को केरल राज्य से तथा अपराध क्रमांक 191/2024 के मामले में नाबालिग बालिका को नागपुर महाराष्ट्र से तलाश करने में सफलता प्राप्त हुई। तीनो मामले में लगातार पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिकाओं की तलाश की जा रही थी, विवेचना के दौरान प्राप्त जानकारी एवं सायबर सेल से प्राप्त तकनीकी जानकारी के आधार पर टीम गठित कर सहायक उप निरीक्षक धनपाल बिसेन के नेतृत्व में टीम केरल राज्य रवाना किया गया। जहाँ पहुचकर पुलिस टीम द्वारा सायबर की सहायता से केरल के अलग अलग जगहों से दो नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई। उक्त पुलिस टीम द्वारा थाना बिछिया के नाबालिग बालिका के गुमने के एक अन्य मामले में टीम द्वारा नागपुर में तलाश किया गया। उक्त तीनों बालिकाओं को उनके परिजनों को सकूशल सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक धनपाल बिसेन, आर. नवीन उइके, मआर इनेश्वर पिछौडे एवं सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## ऑल इंडिया डांस प्रतियोगिता में मण्डला टीम ने बाजी मारी

*** गोवा में आयोजित भारत नृत्य महोत्सव डांस प्रतियोगिता में मण्डला टीम का रहा अभूतपूर्व प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विगत दिनों गोवा में अखिल भारतीय संस्था के द्वारा ऑल इंडिया डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें देश विदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने शिरकत किया,इस आयोजन के मुख्य अतिथि आशीष पाटील डांस दीवाने, बॉलीवुड डांस कोरियोग्राफर, रोजा राणा इंडिया बेस्ट डांसर की विनर रही, मण्डला का प्रतिनिधित्व कर रहे टीम नटराज जिसके प्रमुख रानू चंद्रौल हैं जो कत्थक कला केंद्र से प्रशिक्षित होकर ज़िले में प्रशिक्षण भी देती हैं, अपने नेतृत्व में मण्डला टीम को इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनाया,यह मण्डला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है,इस प्रतियोगिता पर जिले के बच्चों के साथ माताओं ने भी नृत्य किया,जिले की पहचान लोकनृत्य पर सीनियर प्रथम स्थान प्राप्त किया प्राप्त किया, टीम नटराज के कलाकारों की इस शानदार प्रस्तुति ने मण्डला जिले का गौरव बढ़ाया, गोवा में मण्डला के शामिल प्रतिभागियों के नृत्य ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया ।इस प्रतियोगिता पर मण्डला माधुरी ठाकुर, प्रीति श्रीवास, सारिका भोयर, सुधा सिंगोर, ज्योति पंद्रे, श्रुति श्रीवास्तव, जानवी ठाकुर, मेनका चौरसिया, सृष्टि भोयर ने सामूहिक रूप से प्रथम स्थान प्राप्त करके मण्डला जिले को गौरवान्वित किया, मण्डला टीम के बेहतर प्रदर्शन पर जिले की कलाकारों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर द्वारा नगरीय पर्यावरण के विषय में रखी गई संगोष्ठी

*** स्वयं में सुधार अति आवश्यक-सरिता अग्निहोत्री।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल नगरपालिका टाउन हॉल में मण्डला नगर पालिका एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर के सदस्यों एवम अभियान की ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छता श्रीमती सरिता अग्निहोत्री के सौजन्य से आज मण्डला नगर के स्वच्छता एं पर्यावरण के विषय में संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें समाजसेवी साथ सनातन धर्मोतशव परिवार के सदस्य सम्मलित हुए। आज के कार्यक्रम का मुख्य विषय था प्लास्टिक का उपयोग न किया जाए क्योंकि प्लास्टिक हजारों सालों तक गलती नही है जिससे भूमि हो रही खराब इसका उपयोग बंद होना चाहिए। गंगे अभियान की शुरूआत मध्यप्रदेश में हो चुकी जिसमे सभी नदियों को कचरा मुक्त किया जाए मां नर्मदा के तट में सभी है नदी किनारे कचरे प्लास्टिक न हो इसका ध्यान सभी को रखना है। सरिता अग्निहोत्री द्वारा ये कहा गया की वृक्षारोपण आप कही नही करे सभी मण्डला नगरवाशी अपने अपने घर मैदान में कम से कम 10 फलदार छायादार वृक्ष लगाए10 छोटे-छोटे पौधे गमले में फूलदार औषधि वाले और ऑक्सीजन देने वाले जिससे जो आज इस वर्ष 2024 में भारी गर्मी का सामना किया जो तापमान की दृष्टि से देखे तो 50 प्लस डिग्री सेल्सियस था जो सबसे ज्यादा था। इसके लिए एक ही उपाय है सभी व्यक्ति अपने हित के लिए घर पर और घर के बाहर पेड़ अवस्य लगाए जिससे आने वाली पीढ़ी को अन्य समस्याओं का सामना न करना पड़े। शिक्षक राजेश क्षत्री द्वारा वृक्षारोपण उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चो द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसके बाद मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका अध्यक्ष को समाजसेवी अखिलेश सोनी सनातन धर्मोत्सव परिवार के सदृस्य रंजीत कुशवाहा एवं सभी पर्यावरण सदस्यो द्वारा ज्ञापन दिया गया जिसमे ये मुख्य बात लिखी गई की सभी वार्डो में 25 वृक्ष फलदार छायादार लगाए जाने है जिसमे वार्ड के पार्षद एवं आम नागरिक सहयोग देकर वृक्षारोपण कराए देखभाल करे।

**अनदेखी** | **निष्पादित पट्टों में जिसकी लापरवाही पाई जायेगी नियमानुसार कार्यवाही होगी।**

# धारणाधिकार योजना धांधली में नहीं बनी जाँच कमेटी

*** मार्च में कमेटी गठित करने कहा गया था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मध्यप्रदेश सरकार राजस्व विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के द्वारा दिनांक 24 सितंबर 2020 के आदेश क्रमांक -एफ 6-75-2019-सात-शा.3 के अनुसार धारणाधिकार योजना के परिपालन में निवास (सब डिवीजन मजिस्ट्रेट व तहसीलदार कार्यालय) द्वारा योजना की नियमावली के विरुद्ध जाकर व आम पात्र हितग्राहियों को अंधेरे में रखकर अपात्र लोगों को पट्टा देने की कागजी कार्रवाई कर तत्कालीन (डीएम) हर्षिका सिंह कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित की गई थी, इसके तहत दस पट्टे जारी किये जा चुके हैं जो न सिर्फ सरकार की मंसा बल्कि योजना के प्रतिकूल है राजस्व के स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नगर परिषद निवास के अभिमत के विरुद्ध जाकर पट्टों का निष्पादन किया जाना निकाय के अधिकारों और प्रेसिडेंट इन कौंसिल के अभिमत की खुली तौहीन भी है।

नगर परिषद निवास द्वारा वर्ष 10/01/2023 में रोक के प्रस्ताव के बाद राजस्व द्वारा 10 पट्टे दिनाँक 05-06-07 वें माह वर्ष 2023 में दिया जाना फिर निकाय का 22/08/2023 को पत्र क्रमांक 2023/133 व 23/08/2023 को लोक निर्माण शाखा/नप./2023/143 में जिस जगह पर रोक का अभिमत दिया गया फिर उसी जगह की दुकानों का पट्टा कैसे दे दिया गया, इसके अलावा राजस्व विभाग द्वारा दिनाँक 16/08/2023 को एक मुश्त लगभग 66 आवेदकों द्वारा चाही गई भूमि पर आम जन से आपत्ति का इश्तहार की कार्रवाई की खानापूर्ति कर योजना को पलीता लगाकर सरकार व आम जनता को क्यों गुमराह किया जा रहा है यह योजना के पात्र लोगों की समझ से परे है।

धारणाधिकार योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों सहित, राष्ट्रीय राजनैतिक दलों को कार्यालय खोलने, शैक्षणिक कार्यालय, अस्पताल, आदि को भी आवश्यकतानुसार व विधिमान्य राशि पर भूमि का अधिकार पट्टा दिये जाने के स्पष्ट निर्देश हैं। लेकिन विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही से जानकारी के अभाव में इसका फायदा अभी तक किसी संस्था, स्थानीय राजनैतिक दलों ने नहीं लिया न ही योजना के जिम्मेदार अधिकारियों ने सर्व साधारण को योजना की जानकारी पहुँचाने अखबारों में इश्तहार ही निकलवाया जिसके कारण यह योजना भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गई। ज्ञात हो कि उक्त धांधली की सर्व प्रथम खबर राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र हरि भूमि में प्रकाशित हुई थी और तभी से निवास निकाय में यह योजना जनचर्चा का विषय बनीं हुई है, राजस्व अनुभाग निवास द्वारा धारणाधिकार योजना में गंभीर लापरवाही करते हुये जबलपुर मुख्य मार्ग व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री वॉल के बीच की उस भूमि का पट्टा भी दे दिया गया जहाँ पर भविष्य में नाली (ड्रेन) का निर्माण व रोड़ का विस्तार होना निश्चित है, साथ ही स्थानीय निकाय व प्रशासन द्वारा पिछले दस वर्षों से अतिक्रमण हटाने और सभी दुकानदारों को व्यवस्थित करने की कार्रवाई नहीं कि गई है ऐसे में बेतरतीब अवैध कब्जा वालों को उसी जगह का पट्टा दिये जाने से न सिर्फ नगर का सौंदर्य बाधित हो रहा है बल्कि भविष्य में निकाय को निर्माण कार्य करने सहित अनेकों कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी।

## श्री मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपा कार्यालय में मनाया गया जश्न

*** भारत माता के जयघोष के लगाए नारे कार्यकर्ताओं को बांटी गई मिठाइयां।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी के नेता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी एवं मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित होकर श्री मोदी के संसदीय दल के नेता चुने जाने पर जश्न व हर्ष से भरा आयोजन कर आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी सर्वप्रथम भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया एवं भारत माता की जयघोष के नारे लगाये गये। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाईयां दी। कार्यक्रम के अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना देश के करोड़ों नागरिकों का सपना था जो आज पूरा हो रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को मिले जनादेश के प्रति प्रदेशवासियों एवं मण्डला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार भी व्यक्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार पुनः प्रधानमंत्री पद पर आसीन होंगे तो निश्चित ही तेज गति के साथ संपूर्ण भारत देश का विकास होगा और देशवासियों का हर सपना पूरा होगा उन्होंने मण्डला जिले के सभी मतदाताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का आभार मानते हुए धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला मंत्री सुश्री शशि पटेल, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, नगरअध्यक्ष अनुराग चौरसिया, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष सूर्यकांत जंघेला, महामंत्री सुदीप ब्रजपुरिया, दिनेश चौधरी, अभिषेक बिलैया, अजीत जैन, विनय मिश्रा, प्रवीर तिवारी,संजय गुप्ता, अभिषेक राय, द्रोपती यादव, मोंटी मलिक, प्रहलाद सोनी, अंकित ज्योतिषी, सर्वज्ञ सोनी, हबीब गौरी, संदीप बरमैया, कोमल कछवाहा, ओमकार रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से घायल

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के राजेन्द्र बाबू वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने लडके नितिन कुमार थनवार और मनोज कौरव के साथ तीनो मजदूरी करने के लिये गाडरवारा से सालीचौका जा रहे थें। उसी दौरान जब प्रिन्स ढाबा के पहले सालीचौका रोड पर पहुंचे तभी हमारी पहचान के कौड़िया निवासी मनोहर लाल कहार और पुत्तो बाई कहार मिले, तब हमने मोटर साइकिल रोड के किनारे खडी कर उनसे बात करने लगे इतने में मेरे मोबाइल पर फोन आया तो मैं थोडा दूर जाकर फोन पर बात करने लगा। इसी दौरान एक चार पहिया वाहन कार क्रमांक MP 04 KG 2452 का चालक अपनी कार को लापरवाही पूर्वक व खतरनाक तरीके से चलाते हुये आया और मोटर साईकिल पर बैठे नितिन थनवार और मनोज कौरव एवं उनके साथ में खडे मनोहर लाल कहार तथा पुत्तो बाई कहार को टक्कर मारते हुये घायल कर दिया गया।

### नल की शटक ले जाने की बात को लेकर हुई मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पटना घघरौला निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब मेरी माँ अपने घर के आंगन में बर्तन साफ कर रही थी उसी दौरान ग्राम पटना ही निवासी कमल किरार एवं उसी पत्नी रास्ते पर जा रहे थें। उस दौरान कमल की पत्नी द्वारा पास में पडा हुआ सटक का टुकडा उठाकर ले जाने लगी तो प्रार्थी की माँ द्वारा वह सटक ले जाने से मना करते हुये कहा कि एक सटक हमारी है इसे मत ले जाव। इसी बात्रे लेकर कमल की पत्नी गंदी गंदी गालिया देते हुये पास में पड़ा हुआ खपरे का टुकडा उठाकर प्रार्थी की माँ के सिर में मारते हुये चोट पहुंचाई व व कमल तथा उसकी पत्नी द्वारा प्रार्थी की माँ को जान से मारने की धमकी दी गई जिसके चलते पुलिस ने पुलिस ने आरोपी पति पत्नी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खाने बनाने के लिये आर्डर पर न जाने की बात पर तोड़ी बाइक

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नर के शिवाजी वार्ड एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताा है कि अपनी मौसी के यहां विवेकानंद वार्ड दूध लेने के लिए गया था उसी समय ग्राम बसुरिया निवासी गोविन्द विश्वकर्मा आया जो कार्यक्रमों के दौरान खाना बनाने के आर्डर लेता है। वह प्रार्थी की मौसी से बोला कि तू मेरे साथ खाना बनाने क्यो नही चलती है प्रार्थी की ने कहा कि मुझे तेरे साथ काम नही करना है। इसी बात को लेकर गोविन्द विश्वकर्मा गंदी गंदी गालिया देते हये पास में पढा हुआ पत्थर को उठाया प्रार्थी की मौसी के लडका भाई अंकित प्रजापति की मोटर साईकल लाल रंग की हीरो कम्पनी एचएफ डीलक्स **MP** 49 **MQ** 2154 को पत्थर मारकर तोड़ दी गई तथा प्रार्थी की मोसी के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई।

### जान से मारने की दी गई धमकी

गाडरवारा। ग्राम नरसरा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि मैं अपने खेत में बने हुये मकान में रहता हूं। मेरे घर के बाजू में मेरे रिस्ते का भाई केवल धानक का मकान है जो हमेशा शराब के नशे मे घुत रहता है एवं आये दिन शराब पीकर गाली गुफ्तार करता है। बीते हुये दिवस जब हम सभी परिवारजन अपने घर पर थें उसी दौरान वहाँ पर केवल धानक मेरे घर के बाहर आया और मुझे तथा मेरे परिवार वालो को आकारण ही गंदी गंदी गालियाँ देने लगा। मैनें केवल धानक को गालियाँ देने से मना किया तो कहने लगा तुम लोग यहाँ से चले जाओ नही तो जान से खतम कर दूगाँ। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## शनि जयंती व वट अमावस्या के चलते नर्मदा तटों पर देखने मिली भीड़ व नगर में बही धर्म की गंगा

# वट सावित्री अमावस्या पर महिलाओं ने श्रद्धा के साथ किया वट वृक्षों का पूजन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** भारतीय संस्कृति में हर त्यौहार का अपना अलग ही महत्व होता है। किन्तु महिलाओं के लिए वट अमावस्या पर्व ऐसा होता है जो उन्हें अखंड सुहाग देने के आलवा संतान देने वाला माना जाता है। यही कारण है कि महिलाएं वट अमावस्या पर हर वर्ष इस त्यौहार को सुहागिनों द्वारा बड़ी ही श्रद्वा के साथ व्रत रख अपने जीवन साथी की दीर्घायु व अपने बच्चों सहित संपूर्ण परिवार की खुशहाली के लिए कामना पूरी करने के लिए वट वृक्षों की पूजन करती है। कुछ इसी प्रकार का महौल बीते हुये गुरूवार को तीन पर्वो के त्रिवेणी संगम यानि की गुरूवार भगवान विष्णु जी का प्रिय दिवस तथा भगवान शनि जयंती वट अमावस्या के दौरान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिला महिलाओं ने तहां तहां लगे हुये वट वृक्षों के पास पहुंचकर बड़ी ही श्रद्वा के साथ उनकी पूजा अर्चना की गई जिससे नगर का माहौल धर्ममय दिखाई दिया। बताया जाता है कि वट अमावस्या के चलते महिलाएं संपूर्ण श्रृंगार करने के बाद बरगद सहित अन्य व्यंजन तैयार करने तथा सत्यवान सावित्री की अमर कथा सुनने उतावली होते हुए दिखाई दी। बीते हुये गुरूवार को बट सावित्री यानि की ज्येष्ठ मास की अमावस्या की शुभ बेला में पड़ने वाली वट सावित्री अमावस्या पर शहर और के गांवों में चहुंओर लगे हुए वट वृक्षों के पास पूजा की थाली अपने हाथों में लिए सुहागिनी महिलाएं बरगद के पेड़ के समीप खड़ी हुई नजर आ रही थी। इस तरह शनि जंयती, वट सावित्री अमावस्या तथा गुरूवार भगवान विष्णु जी का प्रिय दिवस यानि की पर्वो के त्रिवेणी संगम के चलते नगर में जहां तहां लगे हुये बट वृक्षों के पास पहुंचकर महिलाएं अपने हाथों में सूत लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा लगाते हुये देखी गई। वही अनेक महिलाओं ने अमावस्या होने के चलते अपने घरों में माँ तुलसी का पूजन भी किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने वट वृक्षों की विधि विधान के साथ साथ सत्यवान सावित्री, यमराज सहित अन्य ईष्ट देवों की श्रद्वाभाव के साथ पूजा अर्चना करने के बाद वटवृक्षों के चारों ओर कच्चा सूत लपेटते हुए अपने अचल सुहाग का वरदान मांगा। वही देखा गया कि वट अमावस्या पर महिलाओं ने सुहाग सामग्री का दान कर सत्यवान सावित्री की कथा भी बडे ही उत्साह के साथ सुनी। वही दूसरी इस प्रकार से वट अमावस्या व भगवान शनि जयंती होने के कारण जहां नगर सहित क्षेत्र में लोगों ने अपने घरों में ही न्याय के देवता शनि भगवान को बड़ी ही श्रद्वा के साथ पूजन करते हुये खुशहाली की प्रार्थना की गई और भगवान शनि को तेल, तिल सहित काले कपड़े अर्पित करते हुए उनकी श्रद्वा भाव से पूजन करने के साथ खुश समृद्धि की कामना की गई। इस प्रकार से वट अमावस्या के अवसर पर नगर की उत्साहित महिलाओं ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि हमारे








### भक्तों के द्वारा बडे ही धूमधाम के साथ पूजे न्याय के देवता शनि महाराज

पुराणों में वट अमावस्या पर्व को इसलिए महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि यह पर्व उनके जीवन साथियों के कुशल क्षेम से सीधा जुडा होता है। इस संबंध में बारहाबड़ा निवासी श्रीमति संगीता दीक्षित के अनुसार सहागिनी महिलाओं के लिए वास्तव में उसका पति धन होता है उसके खुशहाल, स्वस्थ्य रहने से महिलाओं को गौरव की हमेशा अनुभूति होती है। क्योंकि हमारे हिन्दू धर्म में पति को भगवान का दर्जा देते हुए उसकी पूजा की जाती है और उसी भगवान की खुशहाली के लिए यह वट अमावस्या का वृत रखा जाता है, मैं वर्षो से वट सावित्री अमावस्या पर व्रत रख वट वृक्ष की पूजन कर भगवान से अपनी जीवनसाथी को दीर्घायु देने की प्रार्थना करती है। वट अमावस्या पर्व पर मुझे हिन्दू धर्म की परम्पराओं व मान्यताओं पर गर्व होने के साथ साथ सच्ची आत्म शांति मिलती है। वही हिन्दू धर्म के प्रति अपनी गहरी आस्था रखने वाले व नगर की समाजसेवी विधि महेश्वरी का कहना है कि वट अमावस्या का त्यौहार महिलाओं में धर्म के प्रति निष्ठा जगाने वाला होता है, यह पर्व सुहागिनी महिलाओं को अपने जीवन साथी के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। हर बार वट अमावस्या पर जब में वट वृक्षों व यमराज की पूरी आस्था के साथ पूजन करती हू तो मुझे भरपूर आनंद व शांति का अहसास होता है तथा धर्म लाभ मिलता है। वही समीपस्थ ग्राम महगंवा चिर्रिया निवासी बट सावित्री का वृत धारण करने वाली श्रीमति ईश्वती कौरव का कहना है कि हिन्दू धर्म में मातृशक्ति को अहम माना गया है। क्योंकि एकमात्र मातृ शक्ति ही है जो संसार की रचना करती है। हिन्दू धर्मग्रंथों में ऐसी अनूठी कथाएं है जो महिलाओं को अपने जीवन साथी की सदा रक्षा करने की प्ररेणा प्रदान करती है उसी में वट सावित्री अमावस्या का वृत भी शामिल है। ऐसी ही कथा सावित्री सत्यवान की भी है जिसमें मृत्यु के मुंह में जाने वाले अपने पति सत्यवान को अपने धर्म के प्रति लगाव से यमराज से जीवनदान दिलाया था, वही दूसरी ओर कल शुक्रवार को जिस प्रकार से वट सावित्री व्रत और शनि जयंती के एक साथ होने के कारण यह अनूठा धर्म संगम होने से इसका पुण्य अलग ही हो जाता है। इसी प्रकार से ग्राम बारहाबड़ा निवासी श्रीमति पुष्पा पटैल का कहना है कि मेरा मानना है कि हर महिलाओं का अपने जीवन साथियों की खुशी से महिलाओं का भग्य जुडा रहता है इसलिये उनकी लम्बी उम्र की कामना के साथ साथ अपने बच्चों की खुशहाली के लिये व्रत करना जरूरी होता है। वट अमावस्या पर हर साल में अपने जीवन साथी की दीर्घायु की कामना के चलते व्रत रखती हूं और मन में अचल सुहाग का विश्वास लेकर वट वृक्ष सत्यवान सावित्री की पूजर कर शांति का अहसास करती है। इस प्रकार से कल शुक्रवार को नगर में महिलाओं ने वट साबित्री अमावस्या के अवसर जहां वट वृक्षों की बडे ही धूमधाम व श्रद्वा के साथ पूजन की गई वही अनेक घरों में महिलाओं द्वारा माँ तुलसी माता का पूजन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

# क्षेत्र में करोड़ों की राशि से बनी नहरें साबित हो रही अनुपयोगी



हरिभूमि न्यूज/खुलरी। सरकार द्वारा किसानों को सुविधाएं प्रदान करने के लिये किसी योजना के नाम पर यदि करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है और उन सुविधाओं का जब जरूरत पड़ने पर उपयोग न हो सके तो निश्तिच वह मात्र दिखावा साहित होने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र में बनी हुई और क्षेत्र में बनी हुई नहरे मात्र शोभा की सुपारी साबित होने से नही चूक पा रही है? क्योंकि जिस प्रकार से कुछ वर्ष पहले शासन द्वारा क्षेत्र में किसानों की भूमि का अधिग्रहण करने के साथ साथ करोड़ो की राशि खर्च करते हुये नहरों का निर्माण कराया गया था तो क्षेत्र के किसानों में इस बात की खुशी देखने मिल रही थी कि अब उन्हें अपने खेतों में सिंचाई करने के लिये पानी की समस्या से नही जूझना पड़ेगा। मगर क्षेत्र के किसानों की यह सोच मात्र एक सपना साबित होने से इसलिये नही चूक पा रही है। क्योंकि जब किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने का समय आता है तो बरगी नहर प्रबंधन द्वारा नहरों में पानी ही नही छोड़ा जाता है, जिसके चलते करोड़ो की राशि से बनी हुई क्षेत्र की यह नहरे जहां अनुपयोगी साबित होने से नही चूक पा रही है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय देखा जा रहा है कि पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान किसानों के खेतों में लगी हुई गन्ना व गर्मी का सोयाबीन सहित अन्य फसल को पानी देने की जरूरत पड़ रही है। वही दूसरी ओर जिन किसानों द्वारा अपने खेतों में मूंग फसल की गई है उसमें भी पानी देने की जरूरत होने के कारण किसान अपने खेतों में बने हुये नलकूपों के भरोसे तो सिंचाई कर रहे है। मगर इस समय जहां जमीन का जल स्तर नीचे की ओर गिर जाने के कारण किसानों के नलकूप पर्याप्त मात्रा में पानी नही दे पा रहे है। क्योंकि इस समय भले ही सरकार से लेकर बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने की बात कही जा रही हो मगर सच्चाई गांवों में देखने मिल रही है जहां पर क्षेत्र के किसान दिन रात करते हुये अपने खेतों में डेरा जमाय रहे है जिन्हें मुश्किल से चार पांच घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इस स्थिति में निश्चित तौर से किसानों के खेतों में लगी हुई फसलों को पानी नही मिलने से वह खराब होते हुये दिखाई देने लगी है। मगर इस दौरान भी इन नहरों से पानी नही छोड़ा जाना निश्चित तौर से इन नहरों के महत्व को समाप्त करने से नही चूक पा रहा है? यदि इन नहरों में पानी छोड़ दिया जावे तो निश्चित ही जहां क्षेत्र के किसानों की फसलों को पानी मिल सकता है। वह दूसरी ओर जमीन के गिरते हुये जल स्तर में भी सुधार आ सकता है। इस स्थिति में क्षेत्र में बनी हुई करोड़ो की लागत की नहरे क्षेत्र के किसानों के लिये औचित्य हीन साबित होते हुये जान पड़ रही है। वही दूसरी ओर क्षेत्र में बनाई गई इन नहरों के निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की सच्चाई पर गौर किया जावे तो निश्चित ही विभाग की उदासीनता के चलते जिस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इन नहरों का निर्माण कार्य किया गया है उसके चलते लगातार टूटते हुये दिखाई दे रही है जिससे क्षेत्र की नहरे अपने निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी के साथ साथ उन अधिकारियों की कार्य प्रणाली को भी उजागर करने से नही चूक रही है जिनकी देख रेख में इन नहरों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया था? क्योंकि जहां शासन द्वारा नहरों के निर्माण के लिये क्षेत्र के सैकड़ो किसानों की भूमि अतिग्रहण करते हुये करोड़ो की राशि खर्च कर क्षेत्र में नहरों का निर्माण कराया गया है, मगर इस समय क्षेत्र के किसानों को जरूर पड़ने पर पानी नही छोड़े जाने के कारण क्षेत्र के किसानों के लिये यह नहरे अनुपयोगी साबित होते हुये दिखाई देने लगी है। क्योंकि जरूरत के समय यदि किसानों को इन नेहरों का लाभ नही मिल पा रहा है तो फिर क्षेत्र में इन नेहरों के बनाये जाने का महत्व अपने आप ही समाप्त हो जाता है। इस सच्चाई को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र के किसानों द्वारा जिला कलेक्टर से मांग की गई है कि शीघ्रता से ही गाडरवारा तहसील क्षेत्र की नेहरों में पानी छोड़ने के लिये संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये किसानों को इस परेशानी की घटी में सहायता प्रदान कराई जावे जिससे किसान अपनी फसलों को बचाने में सफल हो सके।




## कौरव सेवा समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समाज सहित अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय जिस तरह बीते हुये वर्ष कौरव सेवा समिति द्वारा लिया गया था। उसके चलते लगातार दूसरे वर्ष कौरव सेवा समिति द्वारा प्रतिभाओं के सम्मान समारोह का आयोजन कल 9 जून दिन रविवार को दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक रॉयल पैलेस भवन में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संपूर्ण नरसिंहपुर जिले के कौरव समाज की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया जावेगा जो हाल की में घोषित किये गये कक्षा बारहवी में मध्य प्रदेश व सेन्ट्रल वोर्ड परीक्षा 2024 में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करते हुये समाज का नाम रोशन किया है। इसके आलवा वर्ष 2023-24 में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाली प्रतिभाये तथा न्यू स्टार्टअप 2023-24 के माध्यम से सफलता हासिल करने वाली कौरव समाज की सपूर्ण प्रतिभाओं को कौरव सेवा समिति द्वारा बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी सम्मानित करने जा रही है।

## नगर की सड़कों पर पशुओं का टकराव जारी, वाहन चालकों की मुसीबतें बढ़ी

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। जहां एक ओर नगर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे चलते हुए देखी जा रही है, वही दूसरी ओर आवार जानवरों के शहर भर में विचरण करने से भी यातायात काफी हद तक प्रभावित होते हुए देखी जा रही है। इस सच्चाई को स्थानीय अखबारो द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी कोई पहल न होना निश्चित ही चिंताजनक सच्चाई सामने आ रही है? जबकि गौर किया जावे तो नगर के लोगों द्वारा लम्बे अरसे से हस प्रकार आवारा घुमने वाले पशुओं पर अंकुश लगाने के लिये गुहार लगायी जाती रही है मगर इस ओर नपा प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम हे कि आवारा जानवर सड़को पर मस्ती के मूढ में आते हुये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से नही चूक रहे है। जबकि लोगों की मांग है कि इन आवारा जानवरों को पकड़ने की व्यवस्था कर उत्पाती पशुओं को कांजी हौस में बन्द कर पशु पालकों को सबक सिखाये, मगर इसके बाद भी नपा प्रशासन द्वारा नगर में स्वच्छंद घूमने वाले जानवरों को नियंत्रण मे रखने के संबंध में कोई पहन न करना चिंता जनक सच्चाई को उजागर करते हुये जान पड़ने से नही चूक पा रहा है। वर्तमान में देखा जावे तो नगर के स्टैट स्तर के हाइवे मेन बाजार सहित जनपद कार्यालय व बच्चों के स्कूलों के आसपास दिन रात आवार जानवर आतंक मचाते नजर आ ही रहे है, इसके अलावा रात के समय में नगर की शालाओं के परिसरों, थाना प्रांगण, शासकीय कार्यालयों के घेरों में भी घरों से बेदखल जानवरों का जमावड़ा दिखायी पड़ने से नही चूक पा रहा है। नगर की मुख्य सड़क से लेकर कालोनियों की सड़को पर घूमने वाले इन पशुओं में आपसी लड़ाई का नजारा तो इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह घंटो तक नगर की सड़को पर जाम की स्थिति निर्मित करने से नही चूकते है, जिसके चलते नगर की सड़को से निकलने वाले वाहन चालक असुरक्षित हो जाते है, क्योंकि इस प्रकार से मुख्य मार्गो पर मटर गस्ती के रूप में भ्रमण करने वाले पशुओं के कारण आये दिन स्कूली छात्र छात्राओं सहितत आम लोगों को घायल होते हुए देखा जाता है। इसी के चलते नपा प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की जा रही है कि वह अवारा जानवरों को चिन्हित कराये तथा उन्हे उन बेरहम पशु पालकों के हवाले करे जो दूध देने वाली गाय के गले मे तो घंटी बॉध उसकी पूजा करते है पर जैसे ही उसने दूध देना बन्द किया निर्मम ढंग से उसे आवारा जानवरों की जमात मे शामिल कर देते है।



## बिजली विभाग की उदासीनता से झूलते हुये बिजली तारों का खमियाजा भुगतने मजबूर हैं किसान

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा एक ओर अपने बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो सभी प्रकार के माप दंडों का उपयोग करते हुए किसानों से पैसा बसूने में उनके घरों में रखी हुई सामग्री तक जप्त करने से नही चूक रही है? मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपनी विद्युत लाईनों के रख रखाब की ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण प्रति वर्ष क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि बिजली विभाग की उदासीनता का परिणाम है कि किसानों के खेतों से निकली हुई बिजली लाईनों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि वह वर्षो पुरानी होने के कारण उनके तार झूला के समान झूलते हुए दिखाई दे रहे है और वह तार जरा से हवा चलते ही एक दूसरे से टकरा जाने की स्थिति में आग की चिन्गारी छोड़ना चालू कर देते है। इसके चलते किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसलों में आग लग जाने के कारण किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए प्रतिवर्ष मजबूर होते हुए देखा जाता है, जिसका उदाहरण इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने भी मिल रहा है जहां पर किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसले आये दिन आग से जलकर खाक होने से नही चूक रही है। क्योंकि क्षेत्र के गांवों की मेन्टेनेस व्यवस्था पर बिजली विभाग द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण गांवो में किसानों की सिंचाई हेतु स्थापित किये गये ट्रांसफार्मर भी जल जाते है जिनकों बदलवाने के लिए क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग के अधिकारियों के अनेक चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस स्थिति में देखा जावे तो जहां किसानों के खेतों में आग लगने के कारण उन्हें आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है वही दूसरी ओर कई दिनों तक बिजली बंद रहने के कारण उनकी सिंचाई का कार्य भी प्रभावित होता है। इस प्रकार से क्षेत्र के किसानों के खेतों में खडी हुई फसलों के ऊपर झूलते तारों के चलते दहशत में दिखाई पड़ रहे है और समय रहते हुए यदि बिजली विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही क्षेत्र के किसानों को फिर आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।



## करोड़ों की लागत से बनी सूखाखैरी बारहाबड़ा से होते हुये सालीचौका सीमेन्ट सड़क के निर्माण की गुणवत्ता पर खड़े हो रहे सवाल

**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** सरकार द्वारा जिस प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सुविधाएं प्रदान करने की सोच को ध्यान में रखते हुये करोड़ो रूपया खर्च करते हुये गांव गांव पक्की सुविधा जनक सड़को का निर्माण कार्य कराया जाता है। मगर निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सियों द्वारा उन निर्माण कार्यो को अधिकारियों की मिलीभगत के माध्यम से किया जाता है वह चंद दिनों ही चल पाने से नही चूक पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय करोड़ो रूपया की लागत से कुछ साल पहले ही निर्मित हुई सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता उभर कर सामने आने लगी है। बताया जाता है कि इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य को लेकर निर्माण कार्य के शुरूआती तौर से ही सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे थें। क्योंकि लगभग तीन वर्ष पहले सड़क का जब निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी तो निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा जिस प्रकार से सड़क निर्माण के नाम पर सड़क के दोनों ओर लगे हुये सैकड़ो पेड़ो को कत्लेआम किया गया था। मगर वह पेड़ कहा गायब हो गये इस बात का आज तक किसी को पता नही है? वही दूसरी ओर जब सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ तो इस मार्ग पर बर्षो पुरानी बनी हुई पुलियों के ही भरोसे सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसके चलते जहां सड़क की लम्बी उम्र पर अपने आप ही विराम लगते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा था? मगर समय रहते हुये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि सड़क में जहां तहां निकल रही दरारे अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताते हुये दिखाई देने लगी है। इस तरह अपने निर्माण के चंद महिनों उपरांत टूटते हुये दिखाई पड़ रही इस सड़क को लेकर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जिस गुणवत्ता के साथ यहां पर सड़क का निर्माण कार्य किया गया है वह निश्चित ही इस सड़क के लिये निर्धारित किये गये मापदंडो से काफी विपरित नजर आ रहा है जिसके चलते यह सड़क ज्यादा दिनों तक चल पाये यह संभव होते हुये दिखाई नही दे रही है। यदि निष्ठा के साथ इस सड़क निर्माण की जांच होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने के साथ साथ अनेक जिम्मेदार अधिकारियों की कहानी उजागर होने से नही बच पायेगी।

### वेयरहाउस रसीद गुमने की सूचना

म.प्र. वेयरहाउसिंग एवं लाजि. कार्पोरेशन शाखा गाडरवारा में श्री भूपेन्द्र सिंह ठाकुर की वेयरहाउस रसीद की मूल प्रति गेहूँ की रसीद क्रमांक 2334002027227382 दिनांक 15.05.2022 बोरी 237 वजन 118.50 क्विंटल की जारी की गई थी जिसमें से 139 बोरी वजन 69.50 क्विंटल का भुगतान श्री भूपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा ले लिया गया है। उपरोक्त रसीद में 98 बोरी 49 क्विंटल मात्रा शेष है। श्री भूपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा सूचित किया गया है कि वेयरहाउस रसीद की मूल प्रति कही गुम हो गई है। अतः उपरोक्त वेयरहाउस रसीद किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था के पास गिरवी (रहन) हो तो 15 दिवस के अंदर शाखा कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा 15 दिन के बाद स्कंध की दूसरी वेयरहाउस रसीद जारी कर स्कंध का भुगतान कर दिया जावेगा।

* शाखा प्रबंधक *
म.प्र. वेयरहाउसिंग एवं लाजि. कार्पोरेशन शाखा गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र.

## मिलावटी ईंधन से जहर उगल रहे वाहन

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** मिलावट के युग मे वाहनों मे प्रयुक्त हो रहे पेट्रोल डीजल के शुद्ध होने की कल्पना करना ही व्यर्थ है,क्योंकि इसके पूर्व जब नगर में चंद पेट्रोल पंप हुआ करते थे तो उन पर मिलने वाले पेट्रोल व डीजल की गुणवत्ता पर विश्वास किया जाता था, मगर इस समय देखा जा रहा है कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार खुल रहे पेट्रोल पंपो के चलते उनसे मिलने वाले ईंधन की गुणवत्ता पर विश्वास करना एक मुश्किल भरा काम हो गया है? बताया जाता है कि इस तरल ईंधन मे मिट्टी के तेल की मिलावट होने से वाहनों से निकलने वाला सफेद गाढ़ा काला धुआं लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर रहा है,संबंधित विभागीय अधिकारी कभी कभार इक्का दुक्का वाहनो को पकड़कर मात्र अपनी औपचारिकता निभा खानपूर्ति कर विज्ञप्तियों के माध्यम से वाह वाही लूटने मे परहेज नही कर रहे है? नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में दौड़ने वाले सैकड़ो ऐसे वाहन होते है, जिनमे शुद्ध रूप से पेट्रोल व डीजल का उपयोग नही हो रहा है? क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले इन वाहनों में मिलावटी ईंधन के कारण इन वाहनों से जो सफेद काला गाढ़ा धुआं निकलता है,उसमे कार्बन की संख्या अधिक रहती है,वायु के साथ कार्वन के ये न दिखने वाले कण वाहनों के आस पास मौजूद लोगों के शरीर मे प्रविष्ट होते ही है साथ ही कपड़ों मे भी चिपक जाते है,लोंगों द्वारा रूमाल से अगर चेहरा या शरीर पोंछा जाता है तो वह काला हो जाता है, इस समय देखा जा रहा है कि भारी वाहनों विशेषकर ट्रक, डम्फर तथा जीप व क्षेत्र में संचालित टैक्सियों मे डीजल का प्रयोंग किया जाता है, उसमें वाहन माहिलों द्वारा सर्वाधिक मिलावट की जाती है,हलांकि पेट्रोल चलित वाहनों विशेषकर दुपहिया वाहनों जिनकी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, अतःउनके द्वारा भी वातावरण को प्रदूषित करने के आलवा लोगों को बीमारियां परोसी जा रही है, चिकित्सकों का कहना है कि वातावरण मे कार्वन की मात्रा बढ़नें के कारण शहर के लोगों मे श्वास व हृदय रोग संबंधी शिकायतें बढ़ गयी है।

## खबर संक्षेप

### आज सभी जनपदों में आयोजित होंगे रेवा हैल्थ कैंप

**डिंडौरी ।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार 08 जून दिन शनिवार को रेवा हैल्थ कैंप का आयोजन जनपद पंचायत स्तर पर किया जाएगा। उक्त कैंप जिला चिकित्सालय डिंडौरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा, अमरपुर, बजाग, मेंहदवानी, समनापुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरगांव में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होंगे।

### पर्यटन क्विज हेतु पंजीयन 14 जून से 8 जुलाई तक

**डिंडौरी ।** पूर्व वर्षों की भांति वर्ष 2024 में भी मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन क्विज 2024 के लिए प्रतिभागी टीम, विद्यालयों का पंजीयन कार्य 14 जून से 8 जुलाई 2024 तक टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्.जवनतपेउ.उच.हवअ.पदध् पर ऑनलाइन किया जाएगा। जिसका संपूर्ण विवरण क्विज नियमावली 2024 में अंकित है। उन्होंने हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के पंजीयन के लिए सर्व संबंधितों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु दी जाए एडवायजरी

**डिंडौरी ।** जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी की गई है। जारी एडवायजरी के अनुसार जिले में जहां पर भी श्रमिक नियोजित किये गये हैं, ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों के कामगारों, जिले में चल रहें निर्माण कार्यों में नियोजित श्रमिकों, पीठा श्रमिकों एवं अन्य क्षेत्रों में नियोजित श्रमिकों को लू (तापघात) के प्रकोप बचाव की जानकारी दी जाएगी। शासन के द्वारा उद्योगों, निर्माण कार्यों एवं अन्य क्षेत्रों में नियोजित श्रमिकों का कार्य समय में आवश्यकता अनुसार एवं सुविधा अनुसार परिवर्तन करें। खेतों, बाजारों, उद्योगो, भवन निर्माण आदि में कार्यरत श्रमिकों के कार्य स्थल पर शीतल जल एवं आपात, स्थिति हेतु पर्याप्त शेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे नियोजित श्रमिकों को लू (तापघात) से बचाया जा सके।

### महिला को सांप ने डसा, जिला चिकित्सालय में भर्ती

**डिण्डौरी ।** शुक्रवार सुबह एक महिला को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।पीडित संपतिया बाई पति सूरतदास पडवार उम्र 42 साल निवासी मझौली थाना बेनीबारी जिला अनूपपुर ने अस्पताल चैकी पुलिस को दिये कथन में बतलाया कि गुरूवार की शाम खाना पीना ,खाकर परिवार के साथ कमरे में सो गये थे लेकिन दरवाजा खुला था गुरूवार अलसुबह लगभग 4.30 बजे उसके पैर में सांप ने काट लिया जिसके बाद परिजनो को बतलाया जिसके बाद 108 एम्बूलेस वाहन की मदद से जिला चिकित्सालय डिण्डौरी में भर्ती कराया गया ।

### गाय से टकराकर बाईक सवार गिरकर हुए चोटिल

**डिण्डौरी ।** कोतवाली थाना अन्तर्गत खजरी में गुरूवार रात लगभग 10.30 बजे बाईक सवार गाय से टकराकर गिर गये जिन्हे हादसे में चोट लगी है। घायल जिला चिकित्सालय में भर्ती है जहां उपचार जारी है। अस्पताल चैकी को दिये कथन में सरिता बाई पति शुभम सिंह मरकाम उम्र 24 साल निवासी खजरी ने बतलाया कि वह अपने बडे भाई अरविन्द तथा पुत्री वृन्दा के साथ पडरिया में दसगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस घर आ रहे थे । मोटर सायकल क्रमांक एम पी 52 - 9205 को बडा भाई अरविन्द चला रहा था तथा पुत्री वृन्दा सामने बैठी थी और मै पीछे सवार थी इसी दौरान खजरी मोड में रोड में अचानक से गाय आ गई जिसे बचाने के लिए भाई ने तेज ब्रेक लगाया जिससे बाईक अन्यंत्रित हो गई और तीनो सवार बाईक समेत गिरकर चोटिल हो गये । जिसके बाद 108 एम्बूलेंस वाहन को सूचना देते हुए बुलाया और उसकी मदद से जिला चिकित्सालय में आकर भर्ती हुए ।

# पडरिया डोंगरी स्थित विद्युत पावर हाउस में लगी आग, 65 गांवों की बिजली सप्लाई बाधित

### अधिकारी बोले जल्द करेंगे बिजली सप्लाई- अज्ञात कारणों से लगी आग, जॉच जुटा विद्युत महकमा

डिंडौरी





बुधवार की सुबह 8 बजें पडरिया डोंगरी तिराहे पर तब हड़कंप मच गया जब बजाग जनपद मुख्यालय में विद्युत व्यवस्था के लिए बने पावर सब स्टेशन में आग लगने की वजह से धू धू कर ट्रांसफार्मर जलने लगा। जिसमें तुरंत ही बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और लगभग 65 गांवों की बिजली सप्लाई बंद हो गई है। आनन फानन में बिजली विभाग की टीम ने बिजली सप्लाई बंद करवाई वही 3.15 पावर ट्रांसफार्मर जलने की खबर वरिष्ठ अधिकारियों को दी जहां विभाग के जेई, डीई समेत कई कर्मचारी तुरंत ही कार्यवाही में लग गए। प्रशासन तथा विभागीय अमला जल्द ही बिजली सप्लाई बहाल करने का आश्वासन दे रही है।

#### सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर जलने से 65 गांव की बिजली सप्लाई बंद -

कार्यपालन यंत्री आर के बघेल ने बताया कि सुबह लगभग 8 बजे अचानक सब स्टेशन में लगे 33 केवी के ट्रांसफार्मर में आग लग गई । फायर ब्रिगेड पहुंचने के पहले ही ट्रांसफार्मर जल गया है। शहडोल से जांच टीम रवाना हो गई है। जांच में पता चल पाएगा कि ट्रांसफार्मर कितने प्रतिशत जला है। ट्रांसफार्मर बदलने में कम से कम दो दिन का समय लग सकता है।वैकल्पिक व्यवस्था के लिए डिंडोरी से टीम आ रही है। कुछ घंटों में तो बजाग जनपद मुख्यालय की सप्लाईज गाड़ासरई फीडर से चालू करने के प्रयास किया जा रहा है।

#### ट्रांसफार्मर चलने के 2 घंटे में पहुंचा फायर ब्रिगेड -

मुख्यालय में ट्रांसफार्मर जलने के दो घंटे बाद तक जलने के बाद फायर ब्रिगेड पहुंचा जिससे ट्रांसफार्मर को नुक्सान ज्यादा हुआ यदि जल्द आग में काबू पाया जाता तो अनेक नुकसान से बचा जा सकता था। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि लोकेश पटेरिया ने प्रशासन से मांग की है कि एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी बजाग अंतर्गत भी होना चाहिए, बजाग सब डिवीजन भी बन चुका है करंजिया और बजाग बड़ा क्षेत्र है जहां किसी घटना के बाद फायर ब्रिगेड का वाहन पहुंचने से पहले बहुत नुक्सान हो चुका होता है क्योंकि दूरी ज्यादा होने के चलते जिला मुख्यालय से गाड़ी नहीं पहुंच पाती। इसलिए प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि एक फायर ब्रिगेड का वाहन उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

#### इनका कहना है,,

आग कैसे लगी यह कह पाना मुस्किल हैं फिलहाल जांच के लिए शहडोल से टीम को बुलवाया गया है टाउन की लाइट चालू करने के प्रयास किए जा रहे है ।

**धर्मेंद्र कुथे,जेई बजाग**

## घर में घुसकर मारपीट व बका से हमला करने वाले आरोपियों को सश्रम कारावास

**डिडौरी।** मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा अभियोजन अधिकारी ने बताया कि कोतवाली में आरोपी अकबर अली पिता शाकिर अली उम्र 42 वर्ष, आजाद अली पिता साबिर अली उम्र 35 वर्ष, वसीम अली पिता सादिक अली उम्र 20 वर्ष और शाहरूख खान पिता इददू खान उम्र 23 वर्ष सभी निवासी डिडौरी के विरूद्ध धारा 294, 323, 452, 506, 34 अंतर्गत मामला दर्ज किया था। बताया गया है कि 14 दिसंबर 2018 को घर में घुसकर पीडित के साथ धारदार बका से हमला करने, सहआरोपियों द्वारा हाथ घूंसा से मारने से पीडित के सिर से खून निकला था। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी मामले में माननीय विशेष न्यायालय अजा-अजजा अत्याचार निवारण अधिनियम द्वारा अभियोजन साक्ष्यों के आधार पर सभी आरोपियों को धारा 452 में 01 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड, धारा 323 ,34 के अपराध के लिए 1000 रुपये अर्थदण्ड, तथा धारा 324 ,34 के अपराध के लिए 01 वर्ष सश्रम कारावास से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 01-01 माह अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतान जाने के आदेश पारित किये गये।

#### घर में घुसकर बका से किया हमला-

घटना के संबंध में बताया कि प्रार्थी ने थाना में शिकायत देकर बताया कि 14 दिसंबर18 को शाम के 10 बजे करीबन मैं अपने घर में ही थास इतने में ही मेरा लड़का भी काम से घर लौटकर आ गयास लड़का घर के अंदर आकर जूते उतार रहा था उसी समय अचानक तीन ,चार लड़के एक साथ मेरे घर के अंदर घुस आये और मेरे लड़के को कहने लगे कि तूने एक हप्ते पहले मेरी आटो का एक्सीडेंट कर दिया था उसका पैसा अभी तक नही दिया यह कहकर गाली गलौच करने लगे उनमें से अकबर अली ने बका से मेरे लडका अंकित के सिर में मार दिया, बाकी तीन और लड़के क्रमशः आजाद अली, वसीम खान, और शाहरूख खान भी हाथ घूंसों से मारपीट करने लगे। मेरी पत्नि दौड़कर बीच बचाव की तो उसको भी धक्का मारकर गिरा दिये फिर मैं जब बीच बचाव किया तो चारों लड़के मेरे घर से भाग निकले जाते जाते जान से खत्म कर देने की धमकी दी। मेरे लडके के सिर खून निकल रहा था। लडका व पत्नि को लेकर मैं जिला अस्पताल इलाज के लिए ले गया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त मामले में थाना द्वारा रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना की गई। विवेचना में संकलित साक्ष्य के आधार पर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन के साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए विशेष न्यायालय अजा-अजजा अत्याचार निवारण अधिनियम द्वारा उपरोक्तानुसार दण्ड से दण्डित किया गया।

## युवक से घर में घुसकर मारपीट एसटी, एससी एक्ट में मामला दर्ज

**डिण्डौरी ।** कोतवाली थाना अन्तर्गत सरई में गुरूवार को एक युवक से मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया । षिकायतकर्ता नंदकिषोर गवले पिता गुलाब दास गवले उम्र 26 साल निवासी सरई ने कोतवाली में षिकायत दर्ज करते हुए बतलाया कि लगभग 6 माह पूर्व वह अपने दोस्तो के साथ बैठकर पार्टी कर रहा था इसी दौरान गांव का ओसू यादव आया और उसकी मोबाईल से वीडियो बना लिया जिस वीडियो को गुरूवार को वॉटसेप ग्रुप में वायरल कर दिया जिसकी जानकारी लगने पर मैने ओसू यादव से वीडियो वायरल करने का विरोध किया जिस बात को लेकर ओसू यादव गुरूवार की शाम लगभग 6 बजे मेरे घर आया और घर में घुसकर जातिगत गाली देते हुए मारपीट को अंजाम दिया है। घटना के दौरान बडा भाई अनिल गवले पहुंचकर बीच बचाव किया है षिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने ओसू यादव के विरूद्ध धारा 452, 294, 323, 506 सहित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृषंसता निवारण) अधिनियम 1989(संषोधन 2015) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## जनसंवाद में साइबर क्राइम सहित अन्य मामले को लेकर किया गया जागरूक



**डिंडौरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह जनता और पुलिस के मध्य परस्पर अच्छे व्यवहार जिससे अपराधों पर जनता के सहयोग से प्रभारी अंकुश लगाया जा सके इसके लिए लगातार प्रयासरत हैं जो पुलिस अधीक्षक के अदेसानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिंडोरी व अनु अधि पुलिस शहपुरा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना शहपुरा में नगर निरीक्षक शिवलाल मरकाम ने शहपुरा नगर के गणमान्य नागरिक और आम जनों से साइबर क्राइम सहित अन्य अपराधों की रोकथाम को लेकर जन संवाद किया । दरअसल अपराधों में रोकथाम को लेकर जनता की भूमिका और अपराधों से बचने को लेकर जन संवाद किया गया जनसंवाद के दौरान अपराधों की रोकथाम को लेकर संवाद किया गया ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्य





**डिंडौरी ।** जल-गंगा-संवर्धन-अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथ नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावित होने वाले नदियाँ और उनमें मिलने वाली सहायक नदियॉ एवं जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरण किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत सिंगपुर मॉल (केरीटोला) के सुहई नदी में शिवमन्दिर घाट पर जल संरक्षण को लेकर स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से विकासखंड समन्वयक श्रीमति अंजू दुबे, समस्त नवांकुर, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, मेंटर और ग्रामीणजनो ने स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होकर जल संरक्षण का संदेश दिया। इसी प्रकार से ग्राम रमपुरी के छोटी महानदी में भी जन अभियान परिषद और मनरेगा के मजदूरों द्वारा साफ सफाई कर झाड़ियों की कटाई की गई। जिससे ग्रामवासियों को निस्तार और मवेशियों को पीने का पानी मिल सके। लोगों को जल स्त्रोतों की साफ सफाई करने और जल संरक्षण, संग्रहण के प्रति जागरूक किया गया।

## ग्राम पंचायत मुड़यिा खुर्द में सरपंच पति और सचिव की मनमानी चरम

**बूंद बूंद पानी को तरस रहे सालीवाड़ा रैयत के ग्रामीण - सरपंच पति 15 वें वित्त से कर रहा पुलिया निर्माण**




**डिंडौरी।** जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़यिा खुर्द में सरपंच पति बिरसू सिंह एवं सचिव संतोष बर्मन की तानाशाही अपनी चरम पर है इनके आगे शासन के तमाम नियम कायदे बोनें साबित हो रहे है यहां बता दें कि जहां इस भीषण गर्मी में ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे है तो वहीं सरपंच पति एवं सचिव 15 वें वित्त योजना से अनुपयोगी जगह पर पुलिया निर्माण के कार्य को सारे नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अंजाम दे रहे है।गौरतलब है कि ग्राम पंचायत मुड़यिा खुर्द के पोषक ग्राम सालीवाडा रैयत के ग्रामीण इन दिनों इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए 4 से 5 किलोमीटर की दूरी तय कर चैरा पंचायत से पेयजल का जुगाड कर किसी तरह गुजर कर रहे है इंसान तो इंसान पालतू पशुओं को भी पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है । ग्रामीणों ने बताया की पंचायत में पानी का टैंकर है जिसके टायर खराब है ग्राम के लोगों ने उसे दुरस्त कर ग्राम में टैंकर से पेयजल की व्यवस्था करने के लिए सरपंच पति सहित सचिव से आग्रह किया लेकिन उनके द्वारा पानी की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है ,जबकि अनुपयोगी जगह पर पुलिया निर्माण कार्य कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है । जानकारों की मानें तो पंचायत में 14 वें तथा 15 वें वित्त की राशि से पंचायत अंतर्गत पेयजल आपूर्ति,नाली निर्माण,सी, सी,सड़क आवश्यकता अनुसार एवं स्वच्छता अभियान के तहत नाडेप निर्माण होना चाहिए चैक डैम तथा पुलिया निर्माण की स्वीकृति उक्त मंद की राशि से नहीं दी जाती लेकिन बावजूद इसके ग्राम में लोग पेयजल के लिए त्राहि त्राहि कर रहे है और सरपंच पति एवं सचिव अपने निजी स्वार्थ साधने के फेर में शासकीय राशि का नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दुरूपयोग करने पर आमादा है।

#### इनका कहना है ,,,

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है यदि उपयंत्री द्वारा पुलिया में ले आऊट नही डाला गया है तो इस संबंध में उपयंत्री से बात करता हूँ। पेय जल की समस्या निदान के लिए सरपंच सचिव को निर्देषित कर टेंकर से पानी आपूर्ति की जायेगी ।

**निखिलेष कटारे, सीईओ**
**जनपद पंचायत डिण्डौरी**

**यातायात व्यवस्था, अवैध शराब पर नियंत्रण एवं अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा**

## सिटी कोतवाली में जन संवाद कार्यक्रम संपन्न, नागरिकों ने दिये सुझाव



**डिंडौरी।** आवाम को सुरक्षित वातारण मुहैया कराने और क्षेत्र की समस्याओं और जनता के सुझाव को जानने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह के निर्देश पर कोतवाली में पुलिस और जनता का के बीच जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम,यातायात प्रभारी सुभाष उइके, कोतवाली प्रभारी अनुराग जामदार सहित जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे। जनसंवाद में खुले में मांस विक्रय करने पर कार्यवाही,अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने, यातायात संबंधी नियमों का पालन, स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात संबंधी जागरूकता, मुख्य बाजार में आवागमन व्यवस्था,सीवर लाइन कार्य की प्रगति पर चर्चा की गई।बैठक में नागरिकों ने नर्मदा नदी किनारे रात के समय विशेष गश्त की मांग की है।जिस पर सहमति प्रदान की गई है। जन संवाद में पुलिस अधिकारियों ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों और बैंक में सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में रखने का आग्रह किया है। कोतवाली प्रभारी अनुराग जामदार ने नशे के बढ़ती लत पर चिंता जाहिर करते हुऐ बच्चों के सर्वागीण विकास हेतु नशा मुक्ति की पहल करने की बात कही। उन्होंने हम सुधरेंगे तब जग सुधरेगा के पालन पर भी जोर दिया।इस दौरान दुकानों के सामने अव्यवस्थित वाहन खडे करने, व्यवसायिक दुकानों के सामने सीसीटीव्ही, असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही किये जाने को लेकर चर्चा की गई।इसके साथ ही अवैध तौर पर चल रही फर्जी चिटफंड कंपनियों और सायबर अपराध के संबंध में जनता को जागरूक किया गया। उपस्थित नागरिकों ने नर्मदा नदी साफ सफाई पर भी जोर दिया। जनसंवाद में खुले में मांस विक्रय पर अब जब्ती के साथ कड़ी कार्रवाई करने, मां नर्मदा नदी किनारे विशेष गश्त पर सहमति बनी। इस दौरान एएसपी जगन्नाथ मरकाम ने कहा कि आमजनों की शिकायतों और समस्या के समाधान के लिए शिविर का आयोजन निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने जनसंवाद के दौरान प्राप्त शिकायत और सुझाव के निराकरण की स्थिति से नियत समय पर सभी को अवगत कराने का भरोसा भी दिया है।उन्होंने सामाजिक सरोकार के तहत आमजनों से भी सहयोग की अपील करते हुए एएसपी ने कहा कि उनकी टीम का प्रयास पुलिस की छवि को सुधारना और सकारात्मक भूमिका अदा करने की है। बैठक में पार्षद ज्योतिरादित्य भलावी,मुन्ना भाईजान,हर्षवर्धन कटारे,कान्हा प्रश्नानी,हैदर खान सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

#### रोड निर्माण कंपनी को नोटिस जारी-

बैठक के दौरान निर्माणाधीन अमरकंटक और मंडला रोड में बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता जाहिर की गई।निर्माण के दौरान सुरक्षा मापदंडों को पूरा नहीं करने की शिकायत पर यातायात प्रभारी ने संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करके व्यवस्था सुधार के निर्देश जारी किये हैं।गौरतलब है कि सड़क निर्माण हेतु मार्ग की खुदाई की गई है। जिससे उड़ने वाली धूल से राहगीरों को परेशानी हो रही है और गड्डों से हादसे हो रहे हैं।

## शराब माफिया के आगे बेबस आबकारी विभाग

**अनूपपुर।** जिलेभर में शराब ठेकेदार के गुर्गो की गुण्डागर्दी बढती जा रही है, आये दिन ग्राहकों के निर्धारित दर से ज्यादा पैसे लेने के बाद अभद्रता और दादागिरी रोज की बात हो चुकी है, जिसकी शिकायत मौखिक व लिखित रूप से आबकारी अधिकारी के पास पहुंची है, उसके बावजूद भी कार्यवाही न होना ठेकेदार के समक्ष नतमस्तक की ओर इशारा करता है। जिले में संचालित सभी शराब दुकानों में मंहगे दामों पर शराब बेचे जाने की प्रक्रिया अपने चरम पर है। जिले की सभी दुकानों को मिलाकर प्रतिदिन की आय लाखों-करोडो रूपए की होती है। जिसमें इस फायदे का एक तिहाई हिस्सा ग्राहकों से अवैध तरीके से वसूला जाता है। मतलब साफ है कि बोतलो पर लगे टैग व प्रिंट रेट से ज्यादा में बेचे जाने के कारण लाखों का व्यापार प्रतिदिन कराडो में पहुंच जाता है। खुलेआम गुण्डागर्दी करना, मनमाने दर पर बेचना व बिल न देना इनका पेशा बन चुका है। ज्ञात हो कि जिले का लायसेंसी शराब दुकान एक ही व्यक्ति के द्वारा लिया गया है। शराब दुकानों से प्रतिदिन की आय लाखों रूपयों की होती है, इस हिसाब से ठेके में लगाये गये करोडो रूपए चंद महीनों में ही अरबो में बदल जायेंगे और यह प्रक्रिया लगातार वर्ष भर चलता रहेगा। तब तक न जाने कितने लोग शिकार हो चुके होंगे, पर इससे ठेकेदार और आबकारी अधिकारी को कोई फर्क नही पडता।

#### बुझे कई घर के चिराग

जिले भर में पहले भी नशे ने कई घरों के चिरागों को अपनी सफेदी से साफ कर दिया तो वर्तमान परिदृश्य में अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, राजनगर, जमुना, जैतहरी, राजेन्द्रग्राम, चचाई जैसे शांतिपूर्ण क्षेत्र में यूं खुले रूप से शराब बेचने से घूंट-घूंट पर मौत का नशा छा गया है। क्या कानून के रखवालों की इसमें मिलीभगत है या मामला कुछ और है, यह चिंतनीय है तथा इसका समाधान भी आवश्यक है। जिले के पुलिस अधीक्षक व संबंधित विभाग को कड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है। तभी जिले भर में खुशहाल व समृद्धशाली विकास यात्रा पर कदम बढ़ा सकता है। नहीं तो उड़ते पंजाब के बाद अब अगली कड़ी में नशे में लडखड़ाता अनूपपुर जिला क्षेत्र पेश होते समय नहीं लगेगा। युवाओं को प्रेरित किया जाना चाहिए कि वे नशे से दूर रहें। उनका ध्यान खेल गतिविधियों की तरफ मोडना होगा।

#### नागरिकों में बढ़ रहा आक्रोश

जिले में फिल्टर युक्त पीने योग्य पानी तो आसानी से नहीं मिल पा रहा है, परंतु अवैध शराब अवश्य मिल जाती है। अवैध शराब कारोबारियों की वजह से सैकड़ों परिवार बर्बाद हो चुके हैं। मदिरा प्रेमियों की संख्या बढ गई है। शिकायत किए जाने के बावजूद ना ही आबकारी विभाग कार्रवाई करता है और ना ही पुलिसिया कार्रवाई होती है, जिसके चलते अवैध शराब का विक्रय करने वालों के हौसले तो बुलंद हुए हैं वहीं दूसरी ओर अल्प समय में धनवान बनने लगे हैं। जिले भर के लोगो द्वारा शिकायत किए जाने पर मारपीट और गुंडागर्दी तक करते हैं। शिकायत करने पर पुलिस शिकायतकर्ता को ही अपना निशाना बनाती है और समय आने पर झूठी कार्रवाई कर सफल हो जाती है। ऐसी स्थिति में शिकायतकर्ता भी अब शिकायत करने में डर रहे हैं। खुलेआम जिले भर में शराब की अवैध बिक्री हो रही है। स्थिति इतनी विस्फोटक हो गई है कि कुछ मजदूर तो सुबह से ही अवैध शराब के ठिकानों पर पहुंचकर अपनी गाढ़ी कमाई को नशे में झोंक रहे हैं। इसके बावजूद शराब माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाही नहीं हो रही है। जिले में नशे का कारोबार किस कदर धड़ल्ले से फल-फूल रहा है, इस बात का अंदाजा जगह-जगह डिस्पोजल, गिलास तथा शराब की खाली बोतलों को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। सूर्योदय के साथ ही जहां शराब माफिया सक्रिय हो जाते हैं। वहीं शाम को आसपास के कुछ इलाकों में स्थिति इतनी विस्फोटक हो जाती है कि संभ्रांत परिवार के लोग आने-जाने से कतराने लगते हैं।

खबर संक्षेप

### कानून व्यवस्था की दृष्टि से कंट्रोल रूम स्थापित

**नरसिंहपुर।** जिले की नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत थाना स्टेशनगंज के तहत आने वाले ग्राम नवलगांव में बागेश्वर धाम पं. श्री धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से कार्यालय कलेक्टर के कक्ष क्रमांक 4 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम के लिए उप संचालक सामाजिक न्याय नरसिंहपुर श्रीमती अंजना त्रिपाठी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आवश्यकतानुसार कार्यक्रम सम्पादन के लिए अपने स्तर से जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने आदेश जारी किया है।

### जनसुनवाई पूर्वानुसार होगी प्रारंभ

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 की आदर्श आचार संहिता 19 मार्च 2024 से प्रभावशील होने के कारण आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान जनसुनवाई का कार्यक्रम स्थगित किया गया था। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव- 2024 के अंतर्गत लागू आदर्श आचार संहिता हटाने की सूचना प्राप्त हाने के फलस्वरूप जनसुनवाई का कार्य पूर्वानुसार (दिन प्रति मंगलवार) को प्रारंभ किया जाता है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर नरसिंहपुर ने आदेश जारी किया है।

### जननी महिला मंडल समिति ने किया वृक्षारोपण

**नरसिंहपुर।** जननी महिला मंडल समिति की महिलाओं द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर नेहरू वार्ड में अमरूद,नीम, ओर आम के पेड़ लगाए गए,इस अवसर पर फेडरेशन की महिला सदस्यों में शाहीन खान,शशिकला यादव,अफसरी बी,पूजा यादव और अन्य महिलाओं उपस्थित रही।

### सुमित दुबे आज दूरदर्शन पर प्रस्तुति देंगे



**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश दूरदर्शन भोपाल पर प्रसारित होने वाले लोकप्रिय कार्यक्रम लोकांचल में जिले के बुन्देली लोककलाकार सुमित दुबे अपनी बुन्देली रचनाओं का पाठ व गोष्टी का संचालन करेंगे। इस काव्यपाठ का प्रसारण मुन्नालाल मिश्रा के संयोजन व सुमित दुबे के संचालन में डी डी एम पी पर 8 जून को दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

### सफाई के बाद भी अस्वच्छता का आलम



**नरसिंहपुर।** विगत दिनों चले सफाई अभियान के दौरान विपतपुरा ब्रिज के पास जो सफाई की गयी उसके पश्चात निकला कचरा ब्रिज की दीवार के पास ही जमा कर दिया गया। इससे राहगीरों को तो दिक्कत है ही साथ में मौसमी बीमारियों का भी अंदेशा है। विपतपुरा वासियों ने प्रशासन से माँग की है कि वह जमा किये गये कचरे का उचित निस्तारण करने की व्यवस्था करवाये।

### भक्ति संकीर्तन सत्संग प्रभात फेरी से होती है सुबह की शुरुआत

**नरसिंहपुर।** त्रिमूर्ति रामधुन मंडल प्रभात फेरी भजन संकीर्तन से धर्म भक्ति की निरंतर अलख जगा रही है।धनारेकालोनी हाउसिंग बोर्ड से लेकर सदर मढिया तक वाद्य यंत्रों से स्वर संगीत देकर भजन रामधुन गाते हुये प्रभात फेरी की झलक देखते ही बनती है। भजनों में गायक वादकों का प्रभावी संदेश होता है।जो मन को मोह लेता है।प्रभात फेरी निकलते हुए प्रो.किशन लाल साहू ने भजन के माध्यम से भगवान को यूं याद किया..मन राम भजन में लग जाये हनुमान कृपा ऐसी कर दो ।

# कम वार्षिक परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस

### हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी प्राचार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

नवीन शिक्षण सत्र 2024- 25 के विधिवत संचालन के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार एवं सहायक कलेक्टर शुभम यादव की अध्यक्षता में जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





बैठक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था नरसिंहपुर के डाईट सभागार में दो सत्रों में आयोजित की गई। पहला सत्र प्रात 11 बजे से विकासखंड नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव और द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से विकासखंड चीचली, चांवरपाठा व सांईखेड़ा की समीक्षा की गई।

बैठक में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, सहायक संचालक शिक्षा एएस मसराम, योजना अधिकारी जीके नायक, जिला व्यवसायिक समन्वयक, जिला आईटी समन्वयक, समस्त प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक मौजूद थे।

समीक्षा बैठक में भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान प्रयोगशाला की वास्तविक स्थिति, एमपी टास छात्रवृत्ति, वार्षिक परीक्षा परिणाम वर्ष 2023- 24, नवीन सत्र के लिए प्रवेशोत्सव एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने विद्यार्थीयों के नामांकन रिपोर्ट विद्यालय वार तैयार कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एमपी टास छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थीयों के दस्तावेज में त्रुटि सुधार के लिए विद्यालय वार समस्त छात्रों की सूची कारण सहित तैयार करने को कहा। उन्होंने कक्षा 10 वीं में 60 प्रतिशत और कक्षा 12 वीं में 62 प्रतिशत से कम वार्षिक परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यालयों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत ने समस्त विद्यालयों में प्रयोगशालाओं में उपल्बध उपकरणों की जानकारी प्रदान करने को कहा। शालाओं में प्रवेशोत्सव मनाने के संबंध में विद्यालयों में स्वच्छता के निर्देश दिये।

# तापमान नियंत्रण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएंः ब्रकु कुसुम

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया





### कु पूर्वा के स्वागत नृत्य के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

ब्रह्मा कुमारीज के कृषि एवं ग्राम विकास विभाग के द्वारा चलाए जा रहे जल जन अभियान कल्पतरु एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के अवसर पर ब्रकु कुसुम दीदी ने कहा कि आज तापमान और प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। इसके साथ-साथ मनुष्य को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। एक तरफ मनुष्य को जीवन दान देने वाले ,प्राण दान देने वाले वृक्ष जो छाया भी देते हैं, फल भी देते हैं और मानव को प्राण दान देने वाली प्राण वायु भी देते हैं जो कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करके हम सबको ऑक्सीजन देते हैं उन्ही पेड़ों का अंधाधुंध कटाव हो रहा है। इसी का परिणाम मानव जाति भुगत रही है । अतः हम सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण का संवर्धन करना चाहिए। ब्रकु प्रीती दीदी ने परमात्मा से सर्व शक्तियों की किरणें लेकर प्रकृति को सकास देकर सेवा करने एवं प्रकृति से क्षमा याचना करने की विधि बतलाई। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक विशाल मेश्राम ने कहा कि प्रकृति में अपने आप जंगल में जो पौधे होते हैं जिन्हें हम लकड़ियों के रूप में ,औषधि के रूप में प्रयोग करते हैं जैसे अचार चिरोंजी आदि के वृक्ष हैं, आज वह विलुप्त होते जा रहे हैं ऐसे अनेक पौधों के बीज बाहर से मंगा कर फिर से लगाने का हम प्रयास कर रहे हैं ।आप सभी भी मिलकर के यह प्रयास जरुर करें। यह छोटा सा कार्य बड़ा योगदान दे सकता है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक आशुतोष शर्मा ने कहा कि सभी व्यक्ति जो यहां पर उपस्थित हैं वह सभी यह संकल्प करें कि अपने घर में कम से कम 5 से 10 गमले लगाकर उनमें अच्छे पौधों का वृक्षारोपण करें और अगर संभव हो सके बाहर भी जिनके पास ज्यादा जमीन है उसमें भी वृक्षारोपण अवश्य करें। ब्रकु शिवानी ने अतिथियों सहित उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प करवाया कि पेड़ लगाएंगे पेड़ बचाएंगे धरती को शक्तिशाली बनाएंगे।प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करेंगे।पर्यावरण का संरक्षण करेंगे।



# पीजी कॉलेज में समिति ने किया वर्चुअल निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 6 जून को विधि विभाग में संचालित एल.एल.बी. पाठ्यक्रम के आगामी सत्रों की सम्बद्धता एवं निरंतरता हेतु बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा गठित 5 सदस्यीय समिति द्वारा वर्चुअल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण समिति में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, 2 विधि शिक्षाविद् एवं 2 बी.सी.आई के सदस्य शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर के साथ, प्राचार्य सभा कक्ष, विधि विभाग, स्मॉर्ट क्लास रूम, मूट कोर्ट हॉल, क्लास रूम सहित लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा, विधि विभाग के विभागध्यक्ष केशव प्रसाद पाण्डे, विभाग के सदस्य भरत सिंह ठाकुर, डॉ. चेतना उपाध्याय, सतीश बैस, संदीप नागौत्रा, डॉ. समीर भैंसारे, हेमन्त डेहरिया, ग्रंथपाल वीरेन्द्र कुमार झारिया, क्रीड़ाधिकारी अर्पित सक्सेना एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ के साथ विधि विभाग के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं।



# तेज वाहनों से हो रही है लगातार दुर्घटनाएं, लगाये जायें स्पीड ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

करकबेल मेन रोड में तेज बाहनो से अनेको घटनाएं घटित हो रही है। शुक्रवार को दोपहर 1 बजे के लगभग दो टू व्हीलर जो कि अत्यअधिक स्पीड में थी आपस में भिड़ गई जिससे दो अज्ञात व्यक्यिो को गंभीर जोटे आई उन्हे 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। आये दिन इस तरह की दुर्घटना की समस्या बनी रहती है स्पीड बे्रकर नही होने से आये दिन घटनाये घट रही है। इस मार्ग पर कही पर भी स्पीड बे्रकर नही है और ना ही सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है सड़क पर अप डाउन लाइन के चिन्ह नही लगे है तथा मोड पर भी इंडीकेटर चिन्ह लगाये जाये घनी आवादी मुख्य बजार में धीरे चलने का भी इंडीकेटर बोर्ड लगाये जाये जिससे दुर्घटनाओ को रोका जा सके।

### अवैध रूप से मादक पदार्थ का विक्रय करने वाले आरोपियों को सजा

**नरसिंहपुर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम मानवेन्द्र प्रताप सिंह के न्यायालय द्वारा आरोपीगण गोकुल मेहरा आत्मज रामकिशन मेहरा, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम पतरकुही, थाना बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम एवं कालूराम उर्फ कल्लू आत्मज फागूराम कतिया, उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम कैकरा, चैकी सालीचैका, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर को धारा 8 सहपठित धारा 20 (ब)(द्वद्व-बी) स्वापक औषधि एवं मनरू प्रभावी प्रदार्थ अधिनियम में दोषसिद्ध पाते हुये 5-5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। आरोपियों के पास से10 किलो 400 ग्राम गांजा होना पाया गया पश्चात उक्त मादक पदार्थ को प्रदर्श एवं थैले को प्रदर्श बी से चिनह्ति कर सीलबंद कर जप्त किया गया। संदेही व्यक्तियों को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर उन्हें गिरफ्तार किया गया और थाना वापस आकर जप्तशुदा गांजा मालखाने में जमा किया तथा अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष सैंपलिंग की कार्यवाही की जाकर नमूने तैयार किये गये। अभियुक्तगण से जप्त मादक पदार्थ का नमूना जांच हेतु राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, सागर प्रेषित किये जाने पर परीक्षण रिपोर्ट में उक्त जप्त पदाथ को श्शगांजाश्श होना पाया गया। अन्य संपूर्ण आवश्यक अन्वेषण उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपियों को उक्त सजा सुनाई।

## अतिथि शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़

# मार्च अप्रैल का नहीं मिला मानदेय

तेंदूखेड़ा

पिछले 17 सालों से अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे अतिथि शिक्षकों के भविष्य के साथ हमेशा से ही खिलवाड़ होता चला आ रहा है। अनेकों बार सड़कों पर उतर कर न्याय की गुहार लगाने के बाद जैसे तैसे शिवराज सरकार से थोड़ी बहुत राहत मिली थी लेकिन वह भी हाथ से निकल गई। बहुत से अतिथि शिक्षक असमय काल के गाल में समा गए आज उनके परिवार जीविका को लेकर तंग बनें हुए हैं तो कुछ ऐसे भी अतिथि हैं जो केवल इसी पर आश्रित हैं उन्हें माह मार्च और अप्रैल का अभी तक मानदेय ना मिल पाने के कारण आज गंभीर परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। विधानसभा, लोकसभा चुनाव के पूर्व एक आशा रुपी किरण जरूर जागृत हुई थी, कि शायद सरकार द्वारा इन्हें राहत प्रदान की जायेगी लेकिन वह भी दिवास्वप्न चरितार्थ हुई। अतिथि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया 17 सालों में सिर्फ अतिथि शिक्षकों के अनुभवों का लाभ ही लिया गया और बदले में केवल कोरे आश्वासन से ही नवाजा गया। विधानसभा चुनाव के पूर्व शिवराज सरकार द्वारा 2 सितंबर को भोपाल में अतिथि शिक्षकों की एक महापंचायत बुलाई गई थी जिसमें चुनावी लाभ लेने के लिए दोगुना मानदेय 50 प्रतिशत आरक्षण अधिकतम 20 बोनस अंक बारह माह का कार्यकाल संविदा भर्ती में आरक्षण आदि कई घोषणाएं मंच से हुई परंतु शिवराज जी के हटते ही सब घोषणाएं ठंडे बस्ते में सिमट कर रह गई। आनन फानन में सिर्फ चुनावी साल में वेतन में वृद्धि कर अतिथि शिक्षकों को संतुष्ट कर दिया गया। परंतु जो बारह माह के कार्यकाल की घोषणा हुई थी वह हवा हवाई होकर रह गई। जिसके कारण 30 अप्रैल से शैक्षणिक सत्र समाप्ति के साथ ही प्रदेश के लगभग 70000 से अधिक अतिथि शिक्षकों को बेरोजगारी की कगार पर खड़े हुए हैं।ज्ञात हो कि प्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने में अतिथि शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।स्कूल खोलने से लेकर स्कूल के सभी कागजी काम भी अतिथि शिक्षकों द्वारा कराए जाते हैं, ऐसी स्थिति में अतिथि शिक्षकों के चेहरों पर मायूसी के भाव साफ तौर पर देखे जा रहे है। अतिथि शिक्षकों द्वारा मोहन सरकार से गुहार लगाई जा रही है कि जो पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी द्वारा घोषणा की गई थी उनको शीघ्रता से लागू करें और 30 अप्रैल से जो सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया गया है उसको पुनः सरकार वापस लेकर अतिथि शिक्षकों को रोजगार प्रदान करें।

### दो माह से नहीं मिला अतिथि शिक्षकों को मानदेय

सरकारी स्कूलों में अल्प वेतनमान पर साल भर तक अपनी सेवाएं देने वाले प्रदेश के लगभग 70000 अतिथि शिक्षकों को मार्च अप्रैल का वेतन नहीं मिला है, जिससे अतिथि शिक्षक परेशान है। अतिथि शिक्षक संघ तहसील इकाई तेंदूखेड़ा के वरिष्ठ जीवेश चैरसिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि हमेशा की तरह इस बार भी अतिथि शिक्षकों को मार्च अप्रैल का मानदेय नहीं मिला है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान की प्रतिमाह भुगतान की घोषणा भी सरकार ने पूरी नहीं की है उल्लेखनीय है कि अतिथि शिक्षकों का अल्प वेतन मानदेय होने के बाद भी दो से तीन माह तक का भुगतान नहीं होने से अतिथि शिक्षकों पर आर्थिक संकट आ गया है। मार्च से अप्रैल तक के वेतन की प्रतीक्षा कर रहे अतिथि शिक्षक अप्रैल माह में पिछला शिक्षण सत्र पूर्ण होने के साथ ही मई जून में 2 माह के लिए बेरोजगार हो गए हैं। दरअसल पूरी तरह अस्थाई तौर पर स्कूलों में अपनी सेवाएं देने वाली अतिथि शिक्षकों को शिक्षा सत्र पूरा होने के साथ ही हटा दिया जाता है। मई जून में स्कूल बंद होने के दौरान अतिथि शिक्षकों को भी किसी प्रकार का वेतन नहीं मिलता है अतिथि शिक्षक संघ ने प्रदेश की मोहन सरकार से शीघ्र ही लंबित भुगतान को पूर्ण करने की अपील की है।

### बहर की साफ सफाई मुहिम

**तेंदूखेड़ा।** सरकार द्वारा पर्यावरण दिवस से गंगा दशहरा तक चलाये जा रहे जल संरक्षण संवर्धन अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों की साफ सफाई को लेकर रामघाट के समीप प्राचीन बहर की नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों साफ सफाई की गई।

